शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री दिलावर ने अमृत पर्यावरण महोत्सव-2024 की तैयारियों की बैठक ली

कोटा, (निसं)। शिक्षा एवं पंचायती राज विभाग मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को अमृत पर्यावरण महोत्सव के अन्तर्गत एक पेड़ देश के नाम-एक पेड़ मां के नाम एवं हरियालो राजस्थान को साकार करने के लिए जिले में 7 अगस्त को विभिन्न स्तरों पर सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम की जिला कलक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की एवं प्रत्येक विभाग को दिए गए लक्ष्य एवं किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी ली।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रत्येक पौधे की जियो टेगिंग की जाएगी एवं उसकी देखरेख के लिए जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पौधों की देखरेख के लिए प्रत्येक 200 पेड़ों पर एक मनरेगा श्रमिक को जिम्मेदारी भी दी जाएगी, जिससे न सिर्फ रोजगार का सृजन होगा बल्कि वृक्षों की सुरक्षा भी होगी। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में भी वृक्षों को क्लस्टर के रूप में लगाया जाएगा ताकि पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने स्कूल-आंगनबाड़ी, विद्यालयों में आ रहे छात्रों के अनुसार अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वृक्ष सभी मानव जाति एवं धरती पर जीवन के अस्तित्व के लिए आवश्यक हैं इसलिए यह कोई मात्र सरकारी कार्यक्रम या अभियान नहीं है बल्कि एक जन आंदोलन है जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी वांछनीय एवं आवश्यक है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि हर व्यक्ति को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पर्यावरण संतुलन के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर धरती मां के ऋण को उतारने में अपना योगदान दे। उन्होंने कहा कि धरती पर बढ़ता तापमान एवं पर्यावरण असंतुलन एक गंभीर विषय है और वृक्षारोपण के माध्यम से इसमें सुधार किया जा सकता है।

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री दिलावर ने अमृत पर्यावरण महोत्सव-2024 की तैयारियों की बैठक ली।

■ 'वृक्ष लगाकर धरती मां के ऋण को चुकाने में योगदान दें'

उन्होंने कहा कि इस महा-अभियान में गैर सरकारी संगठनों, व्यापार संघ, स्वयं सहायता समूह, निजी स्कूल, कॉलेज, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन आदि को जोड़ा जाए। उन्होंने पुलिस विभाग को भी प्रत्येक थाने अनुसार लक्ष्य देते हुए कहा कि यह एक सामूहिक जिम्मेदारी और प्रयास है जिसमें हर व्यक्ति का योगदान बहुमूल्य है।

बैठक में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने प्रत्येक विभाग को लक्ष्य से अधिक वृक्षारोपण करने को कहा ताकि अमृत पर्यावरण महोत्सव के तहत कोटा समस्त प्रदेश में एक मिसाल कायम करें। जिला कलक्टर डॉ रविन्द्र गोस्वामी ने कहा कि इस जन आंदोलन से समाज के हर वर्ग को जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि हरियाली तीज के दिन मातृशक्ति परिवार सहित राजस्थान के पारंपरिक परिधान को पहन पौधारोपण कर एक नया इतिहास रचने में अपनी प्रबल भागीदारी निभाए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अशोक त्यागी ने बताया कि हरियाली तीज के अवसर पर हरियालो-राजस्थान के अन्तर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग तथा नगर निगम कोटा (दक्षिण) के संयुक्त तत्वाधान में जगपुरा में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि हरियालो-राजस्थान ऐप के माध्यम से वृक्षारोपण करने वाले वृक्ष प्रेमियों को प्रशस्ति पत्र भी वितरित किये जायेंगे।

बैठक में एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला, आयुक्त नगर निगम कोटा उत्तर अनुराग भार्गव, दक्षिण सरिता, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास गजेंद्र सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मज़हर इमाम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जगदीश सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी के.के. शर्मा सहित वन, कृषि, उद्यान, सीएडी, पुलिस, राजीविका आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

मोदी पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह हुआ

कोटा, (निसं)। शनिवार को मोदी पब्लिक स्कूल दादाबाड़ी कोटा में अलंकरण समारोह मनाया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि अंकिता सिंह उप जिला शिक्षा अधिकारी कोटा रही तथा विशिष्ट अतिथि मोदी ग्रुप के अध्यक्ष सुशील मोदी और ग्रुप निदेशक राधव मोदी रहे।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवल करके माँ शारदा का पूजन अर्चन किया गया। मुख्य अतिथियों का सम्मान प्राचार्य अनिल वी कोशी द्वारा माला भेंट करके किया गया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के छात्र परिषद के पदारोहण पर्व पर हेड बॉय और हेड गर्ल सहित अन्य पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाकर उनको उनके बैच देकर जिम्मेदारी प्रदान की इस अवसर पर छात्र परिषद के सदस्यों द्वारा परेड की गई।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि अनुशासन छात्र जीवन के लिए बहूत जरूरी है और एक अनुशासित व्यक्ति ही जिम्मदारियों को सही से निभा सकता है और जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम के पश्चात् सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। हैड बॉय गुरू आधार संतसंगी और हैड गर्ल मिष्का गौतम ने मुख्य अतिथियों सहित सभी का आभार प्रकट करते हुए अपने जिम्मेदारियों को पूर्ण निष्ठा के साथ निभाने का संकल्प लिया।

बच्चों का सम्मान किया

भरतपुर (निस)। श्री गुरू हरकृष्ण साहिब के प्रकाश उत्सव की खुशी में अखंड पाठ साहिब रखे गए जिसका समापन 29 जुलाई को सुवह आठ बजे होगा। गुरूद्वारा वाला प्रीतम साहिब सेवा ट्रस्ट पक्की सराय मथुरा गेट भरतपुर के सचिव भाई जसवीर सिंह ने बताया कि कीर्तन दीवान अते गुरू का लंगर बरतेगा।

इससे पहले 23 जुलाई को बच्चों का सम्मान समारोह रखा गया। जिसमें सिख, सिंधी अते पंजाबी समाज के 27 बच्चों का सम्मान किया गया। जिसमें बच्चों को सर्टिफिकेट, मेडल व गिफ्ट दिये गये। प्रधान मिलाप सिंह ने बच्चों को बधाई दी।

शिक्षा संबल योजना के बैच का ओरियंटेशन

कोटा, (निसं)। एल एन माहेश्वरी परमार्थ न्यास एवं एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा संबल योजना के पहले बैच का शुभारंभ व ओरियंटेशन शनिवार को हुआ। ओरियंटेशन में चयनित 126 विद्यार्थी अपने परिजनों के साथ मौजूद रहे। बारां रोड नया नोहरा स्थित एलन सुपथ कैम्पस में हुए कार्यक्रम में इन विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उन्हें शुभकामना पत्र एवं किट बैग प्रदान किए गए।

एलन के निदेशक एवं एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास के ट्रस्टी डॉ. गोविन्द माहेश्वरी, डॉ. नवीन माहेश्वरी ने विद्यार्थियों व परिजनों का स्वागत कर उन्हें शुभकामना पत्र एवं किट बैग सौंपे। इस अवसर पर न्यास से जुड़े एस के वत्सल, वी के नागर, के जी वैष्णव व पी बी सक्सेना मौजूद रहे।

ट्रस्टी डॉ. गोविन्द माहेश्वरी ने कहा कि कठिनाइयों से घबराना नहीं है, हमें लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर प्रयास करना है। एलन का मार्गदर्शन और आपके प्रयास मिलकर एक नई इबारत लिखने की शुरुआत आज हो रही है। इस अवसर पर न्यास के ट्रस्टी डॉ. नवीन माहेश्वरी ने कहा कि इस प्रकल्प के प्रेरणास्रोत वैकुंठवासी लक्ष्मीनारायण माहेश्वरी हैं, जिन्होनें हमें शिक्षा का महत्व समझाया और परमार्थ में कार्य की सीख दी। इसलिए ट्रस्ट का नाम एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास रखा गया है। शिक्षा में परमार्थ के उद्देश्य से निर्धन परिवारों की प्रतिभाओं के सपने पूरे करने के लिए शिक्षा संबल योजना प्रारंभ की गई है। योजना के तहत पहले वर्ष में 126 विद्यार्थियों का चयन किया गया है, जिनमें 81 छात्राएं एवं 45 छात्र हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से नीट 2025 की नि:शुल्क कोचिंग दी जा रही है। न्यास की ओर से इन विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क भोजन एवं आवास की व्यवस्था की गई है।

■ 126 विद्यार्थियों का नि:शुल्क कोचिंग, आवास एवं भोजन के लिए चयन

शिक्षा संबल योजना के तहत नि:शुल्क नीट कोचिंग के लिए चयनित विद्यार्थियों के लिए ओरियंटेशन सेशन भी आयोजित किया गया। बिल्डिंग प्रिंसिपल अमित काबरा ने कैम्पस की व्यवस्थाओं और क्लासेज के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों व अभिभावकों को एलन की कार्यप्रणाली, एकेडमिक कैलेण्डर, उद्देश्य व स्टडी पैटर्न से अवगत करवाया। अकेडमिक कैलेण्डर के बारे में बताया कि कोर्स कब शुरू होगा, कब समाप्त होगा। टेस्ट और रिवीजन क्लासेज के शेड्युल क्या रहेंगे। विद्यार्थियों से विशेष रूप से कहा गया कि पढ़ाई के दौरान स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें।

क्लस्टर कैम्प आज

झालावाड़ (निसं)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नव-विवाहित महिलाओं के नाम मतदाता सूचियों में जोडने एवं स्थानान्तरित करवाने हेतु 27 व 28 जुलाई को जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष क्लस्टर कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलेक्टर) सत्यनारायण आमेटा ने बताया कि विवाह के उपरान्त महिलाओं का अन्यत्र विस्थापन होने की स्थिति में नव-विवाहित महिलाओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने एवं स्थानान्तरित करवाने हेतु मतदान केन्द्रों पर उक्त तिथियों को क्लस्टर कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बीएलओ, ग्राम विकास अधिकारी, राजीविका के स्वयं सहायता समूह, महिला सुपरवाईजर, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगिनियों द्वारा संबंधित निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी के निर्देशन में मतदाता सूची में नाम जोड़ने सहित अन्य संबंधित कार्य सम्पादित कराने में सहयोग प्रदान किया जाएगा।

'स्काउटिंग गतिविधियों से बालक का सर्वांगीण विकास होता है'

बूंदी (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय बूंदी के तत्वावधान में आयोजित कब, स्काउट,फ्लॉक, गाइड कैप्टन बेसिक कोर्स शिविर का राज्य संगठन आयुक्त पूरन सिंह शेखावत व एएसओसी दिलीप माथुर व सेंट्रल एनवायरमेंट एजुकेशन की स्टेट कॉर्डिनेटर प्रियंका सिनसिनवार ने शिविर का अवलोकन कर निरीक्षण किया।

राज्य संगठन आयुक्त पूरन सिंह शेखावत ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में स्काउट गाइड यूनिट खोलकर बच्चों को प्रथम सोपान से राष्ट्रपति अवार्ड तक पहुंचाएं। शिक्षा के साथ साथ स्काउटिंग गतिविधियों में रहकर बालक का सर्वांगीण विकास भी होता हैं व स्काउटिंग में रहकर व्यक्ति महान कार्य कर सकता हैं। सेंट्रल एनवायरमेंट एजुकेशन स्टेट कॉर्डिनेटर प्रियंका ने इको क्लब के महत्व और आर्थियन पुरस्कार के बारे में बताया।

■ राज्य संगठन आयुक्त स्काउट द्वारा कैंप का निरीक्षण किया गया

स्काउट गाइड शिविर का राज्य संगठन आयुक्त पूरन सिंह शेखावत व एएसओसी दिलीप माथुर व सेंट्रल एनवायरमेंट एजुकेशन की स्टेट कॉर्डिनेटर प्रियंका सिनसिनवार ने शिविर का अवलोकन किया।

एलओसी स्काउट देवी सिंह सेनानी, एलओसी, कब रामावतार सबलानिया द्वारा शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

जिला संगठन आयुक्त स्काउट सुरेन्द्र कुमार मेहरडा ने बताया कि शिविर निरीक्षण के साथ साथ इको क्लब का राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भैंरूपुरा ओझा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बूंदी, महारानी राजकीय बालिका विद्यालय बूंदी, म.रा.रा.वि. बालचंद पाडा, लिटिल एंजल स्कूल बूंदी व पंचवाटिका का अवलोकन किया।

समारोह आयोजित

भरतपुर (निसं)। हिंदी पुस्तकालय समिति डीग के 98वें स्थापना दिवस के अवसर पर अरुण सभागार में आयोजित भव्य समारोह में धरसोंनी निवासी युवा साहित्यकार गोविन्द डागुर को चौधरी नवला पटेल अलंकरण प्रदान किया गया। यहां पधारे लगभग ग्यारह प्रान्तों के साहित्यकारों का सम्मान किया गया जिसमें भरतपुर से गोविन्द डागुर के साथ कवि हरिओम हरि को भी पुरस्कृत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सिध्दपीठ पीठाधीश्वर कौशल किशोर महाराज विशिष्ट अतिथि पवन कुमार आईएएस तथा साहित्यकार ब्रजभूषण चतुर्वेदी दीपक थे। कोटा में डॉक्टर की परीक्षा की तैयारी हेतु जाने वाले अनेक बच्चे आत्महत्या कर लेते हैं। इस पर केंद्रित गोविन्द डागुर की रचना को श्रेष्ठ पुरुस्कार प्रदान किया गया। जिसके अंतर्गत प्रशस्ति पत्र, स्मृति-चिन्ह, शॉल, श्रीफल, एवं ग्यारह हजार नकद राशि प्रदान की गई। पवन कुमार आईएएस ने अपने अभिभाषण में साहित्यकारों को विधाओं के उचित व्याकरण के अनुसार रचनाओं के सृजन हेतु संदेश दिया। पीठाधीश्वर कौशल किशोर ने भारतीय संस्कृति को जनजन तक पहुंचाने का आव्हान किया।

'हरियाली तीज पर धरती को ओढ़ाएं हरियाली चूनर'

कोटा, (निसं)। स्कूल शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर ने पंचायत राज जनप्रतिनिधियों का आव्हान किया है कि वे 7 अगस्त को अपने-अपने क्षेत्र में अधिकाधिक पौधारोपण कर मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महा अभियान अंतर्गत हरियालो राजस्थान-एक पेड़ मां के नाम एवं अमृत पर्यावरण महोत्सव-एक पेड़ देश के नाम में अपनी सशक्त भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि तपती धरती मानवता के लिए खतरा है, हरियाली तीज 7 अगस्त को धरती मां को हरियाली चूनर पहनाने के लिए पूरा प्रदेश संकल्पबद्ध है।

शनिवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित बैठक में मंत्री दिलावर ने बढ़ते तापमान की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए राज्य सरकार के अधिकाधिक वृक्षारोपण के संकल्प की जानकारी दी। जनप्रतिनिधियों को पौधारोपण के लक्ष्य तय कर तैयारी शुरू करने के निर्देश देते हुए कहा कि सर्वाधिक पौधारोपण करने वाली ग्राम पंचायत में 20 लाख रुपए लागत के अतिरिक्त विकास कार्य पुरस्कार स्वरूप करवाए जाएंगे। इसी तरह द्वितीय स्थान पर रहने वाली ग्राम पंचायत में 10 लाख रुपए लागत के कार्य करवाए जाएंगे। पौधारोपण अभियान से स्कूल विद्यार्थियों को जोड़ने के लिए शिक्षा मंत्री ने कहा कि परिवार के सदस्यों की संख्या के अनुरूप पौधारोपण करने वाले विद्यार्थियों को पर्यावरण विषय में पांच बोनस अंक दिए जाएंगे। उन्होंने तापमान में लगातार वृद्धि के खतरों से चेताते हुए विश्व में प्रति व्यक्ति औसतन 400 पेड़ होना आवश्यक बताया जो भारत में प्रति व्यक्ति 28 है। उन्होंने कहा कि इस गंभीर चुनौती का एकमात्र हल अधिक से अधिक पेड़ लगाने में ही है। जिसके लिए सभी गंभीर प्रयत्न कर अभियान को सफल बनाने में जुट जाएं। रोपे गए एक-एक पौधे की जियो टैगिंग के द्वारा निगरानी की जाएगी। 200 पेड़ों पर इनकी रखवाली के लिए कार्मिक भी नियुक्त किया जाएगा तथा सुरक्षा के लिए बाडबंदी, फेंसिंग, ट्रीगार्ड इत्यादि व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन, जिला परिषद द्वारा पेड़ लगाने में विभिन्न स्तरों पर सहयोग किया जाएगा। बैठक में जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, उप जिला प्रमुख कृष्ण गोपाल अहीर, सांगोद प्रधान जयवीर सिंह, सुल्तानपुर कृष्णा शर्मा, खैराबाद कलावती इटावा रिंकू मीणा, जिला परिषद सदस्य योगेंद्र नंदवाना, राजनीता सहित अन्य सदस्य सरपंचगण व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला परिषद सीईओ अशोक त्यागी, अतिरिक्त सीईओ मजहर इमाम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

■ पंचायतराज मंत्री ने जन प्रतिनिधियों का आव्हान किया

नीट-यूजी री-रिवाइज्ड रिजल्ट में एलन के 6 स्टूडेंट्स को ऑल इंडिया रैंक-1

कोटा, (निसं)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से शुक्रवार को नीट-यूजी 2024 का री-रिवाइज्ड रिजल्ट जारी कर दिया। इन परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है। एलन के निदेशक डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि अभी तक देखे गए परिणामों के अनुसार रिजल्ट्स में टॉप आल इंडिया रैंक-1 परफेक्ट स्कोर में एलन के 6 स्टूडेंट्स शामिल हैं, जिन्होंने 720 में से 720 अंक प्राप्त किए हैं। इसमें माजिन मंसूर, प्राचीता, दिव्यांश, माने नेहा कुलदीप, तेजस सिंह और अर्गदीप दत्ता शामिल हैं। इसके साथ ही टॉप-50 में एलन के 22 तथा टॉप-100 में एलन के 38 स्टूडेंट्स रहे हैं। इन 38 विद्यार्थियों में 24 एलन के रेगुलर क्लासरूम प्रोग्राम से, 8 स्टूडेंट्स डिस्टेंस लर्निंग कोर्स तथा 6 एलन आनलाइन टेस्ट सीरीज से हैं।

■ एलन के टॉप-50 में 22 और 100 में 38 स्टूडेंट्स

'अनुभव के आधार पर समाज में संस्कार पैदा करता है पेंशनर समाज'

बूंदी (निसं)। राजस्थान पेंशनर मंच की जिला कार्यकारिणी एवं उप शाखा अध्यक्षों को पेंशनर मच के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सूरज प्रकाश टाक के मुख्यातिथ्य में पद एवं गोपनीयता के साथ समाज हित में कार्य करने की शपथ दिलवाई गई । शपथ ग्रहण कार्यक्रम में कोटा संभाग प्रभारी अजय चतुर्वेदी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे।

राजस्थान पेंशनर्स मंच के कार्यकारी अध्यक्ष सूरज प्रकाश टॉक ने कहा कि पेंशनर समाज अनुशासित एवं अनुभवी समाज हैं , जो अपने अनुभव के आधार पर समाज में संस्कार पैदा करने का कार्य करता है। समाज हित में कार्य करते हुए युवा वर्ग को रोजगार से जोड़ने उनके भविष्य के लिए भी सदैव तत्पर रहता है। इन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार से हमारा लगातार संवाद करते हुए पेंशनरों की आरजीएचएस में आ रही कठिनाइयों को यथाशीघ्र निवारण सहित पेंशनरों की अन्य समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम में टॉक ने जिला अध्यक्ष घनश्याम दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश तलवास, सभा अध्यक्ष रामनिवास मीणा, महामंत्री शंभू दयाल मेहरा, उपसभा अध्यक्ष गोपाल लाल मेघवाल, कार्यालय मंत्री बृज सुंदर शर्मा, परामर्शदाता छुट्टन लाल शर्मा, संगठन मंत्री मोहम्मद रफीक, पं.विद्या शंकर शर्मा, रवि प्रकाश गौतम सहित जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्यों एवं उपशाखा अध्यक्षों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई और जनहित के कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

इससे पूर्वमहात्मा गांधी राज. विद्यालय, बालचंद पाड़ा में राजस्थान पेंशनर मंच के तत्वाधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संघटन के संरक्षक पुरुषोत्तम पारीक, अध्यक्ष घनश्याम दुबे, महामंत्री शंभू दयाल मेहरा, सलाहकार छुट्टन लाल शर्मा, रामनिवास मीणा व अन्य पदाधिकारियों द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। विद्यार्थियों ने पेड-पौधों की सार-संभाल व संरक्षण की शपथ ली।

पर्यावरण स्वीकृति

अल्पावधि अनुमति पत्र हेतु आवेदित रेफरेन्स नं. 20221000062932 दिनांक 29.8.2022 खनिज मैसेनरी स्टोन, क्षेत्रफल 0.8832 हैक्टेयर निकट ग्राम धूँधलिया तहसील अकलेरा जिला झालावाड़ (राज.) में संवेदक/फर्म Jainco Enterprises Pvt. Ltd. पता:-336 Dadabari Extension Kota (Raj.) के पक्ष में राज्य स्तरीय पर्यावरण स्वीकृति पत्र संख्या F1(4) SEIAA-Raj/Sectt/Project/Cat. B2 (23616)/2021-22 Jaipur दिनांक 13.12.2023 को जयपुर से पर्यावरण स्वीकृति जारी की गई है। सर्वसाधारण सूचित होवें।

संवेदक/फर्म
Jainco Enterprises

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक-2752 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 19.07.24

दुकान संख्या स-15 दादाबाडी, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री केदारनाथ वार्ष्णेय पुत्र श्री शंकरलाल वार्ष्णेय को किया गया था। उक्त दुकान का नियमितिकरण श्री विकास बाठला पुत्र स्व.श्री किशनलाल बाठला के नाम दिनांक 22.04.2022 को किया गया। उक्त दुकान का पंजीयन श्री विकास बाठला पुत्र स्व.श्री किशनलाल बाठला के नाम दिनांक 12.05.2023 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरान्त श्री विकास बाठला पुत्र स्व.श्री किशनलाल बाठला द्वारा उक्त दुकान से सम्बन्धित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 17.05.2023 को मुख्तारनामा आम आलेखित कर श्रीमती अंजली पिपलानी पत्नी श्री शैलेन्द्र कुमार पिपलानी को अपना मुख्तारआम नियुक्त किया। श्रीमती अंजली पिपलानी पत्नी श्री शैलेन्द्र कुमार पिपलानी मुख्तार आम श्री विकास बाठला पुत्र स्व.श्री किशनलाल बाठला द्वारा मुख्तारआम धारक की हैसियत से उक्त दुकान का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 28.07.2023 को श्रीमती रजनी पत्नी श्री हरीश कुमार को किया गया। श्रीमती रजनी पत्नी श्री हरीश कुमार द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दुकान संख्या स-15 दादाबाडी, कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम दुकान के मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: इस दुकान के मण्डल अभिलेख में श्रीमती रजनी पत्नी श्री हरीश कुमार का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज करनें में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस दुकान के मण्डल अभिलेख में श्रीमती रजनी पत्नी श्री हरीश कुमार का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त दुकान के मण्डल अभिलेख में श्रीमती रजनी पत्नी श्री हरीश कुमार का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2751 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 19.7.24

आवास संख्या 3-डी-51दादाबाड़ी विस्तार योजना कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री मोहन दास पुत्र श्री हेमन दास को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती अनिता जैन पत्नी श्री अरविन्द जैन के नाम दिनांक 08.04.2002 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती अनिता जैन पत्नी श्री अरविन्द जैन के नाम दिनांक 07.06.2002 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्रीमती अनिता जैन पत्नी श्री अरविन्द जैन द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 01.08.2018 को श्री मनीष साधवानी पुत्र स्व. श्री नरेश साधवानी को किया गया। श्री मनीष साधवानी पुत्र स्व. श्री नरेश साधवानी का नाम दिनांक 28.02.2020 को विक्रय पत्र के आधार पर मंडल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात श्री मनीष साधवानी पुत्र स्व. श्री नरेश साधवानी द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 13.05.2020 को श्रीमती हेमलता सोनी पत्नी श्री प्रमोद कुमार सोनी को किया गया। श्रीमती हेमलता सोनी पत्नी श्री प्रमोद कुमार सोनी द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-डी-51 दादाबाड़ी विस्तार योजना कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: इस आवास के मंडल अभिलेख में श्रीमती हेमलता सोनी पत्नी श्री प्रमोद कुमार सोनी का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि इस आवास के मंडल अभिलेख में श्रीमती हेमलता सोनी पत्नी श्री प्रमोद कुमार सोनी का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में श्रीमती हेमलता सोनी पत्नी श्री प्रमोद कुमार सोनी का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

नवोदय विद्यालय में वृक्षारोपण कर सार संभाल की जिम्मेदारी ली

बूंदी (निसं)। जवाहर नवोदय विद्यालय सीतापुरा के छात्र छात्राओं ने शनिवार को पौधारोपण कर उनके पालन पोषण करने का संकल्प लिया, वहीं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर हमारी विरासत को बचाने का संकल्प भी दोहराया।

वर्षा ऋतु के दौरान नवोदय विद्यालय परिसर में इको क्लब द्वारा सघन पौधारोपण कार्यक्रम के तहत प्राचार्य राजेन्द्र प्रसाद मीना के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया और विद्यार्थियों को उनके पालन-पोषण की जिम्मेदारी सौंपी गयी। प्राचार्य राजेन्द्र प्रसाद मीना ने बताया कि वर्तमान समय में बढ रहे प्रदूषण को रोकने तथा पेड पौधों की घनत्व बढाने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को एक पौधा रोप कर अपने विद्यार्थी काल के दौरान उसकी सम्पूर्ण देखभाल करने का जिम्मा लेना चाहिए। उन्होने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मानव जीवन में वृक्षों का महत्व पर प्रकाश डाला और अपने जीवनकाल में एक वृक्ष अवश्य लगाने लिए प्रेरित किया।

जवाहर नवोदय विद्यालय सीतापुरा के छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण किया।

ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण:- वहीं नवोदय विद्यालय के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने बूंदी के ऐतिहासिक स्थल चौरासी खम्भों की छतरी, रानी जी की बावड़ी, सुखमहल का भ्रमण कर उनसे जुडे इतिहास की जानकारी प्राप्त की। ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी देते हुए पीजीटी हिन्दी प्रताप सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को अपने आसपास के ऐतिहासिक स्थलों तथा उनसे जुडे हुए इतिहास की जानकारी होना परमावश्यक है।

इस दौरान विवेक सेन, कृष्णकांत शर्मा, तरूण टेलर सहित कई विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रारम्भ

बूंदी (निसं)। कोटा वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के अकादमिक सत्र जुलाई 2024 के स्त्रात्कोत्तर, स्नातक, डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र, के सभी कार्यक्रमों प्रवेश चालू हो गए है। प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाईन है, जिसकी अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2024 है।अध्ययन केन्द्र राजकीय महाविद्यालय जिला समन्वयक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मीना ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नात्कोत्तर, स्नातक, डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र आदि सभी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिय छात्र सुविधानुसार राजकीय महाविद्यालय बून्दी, अध्ययन केन्द्र का चुनाव करके किसी भी ई-मित्र एवं नेट बैंकिंग तथा क्रेडिट कार्ड के माध्यम सें ऑनलाइन शुल्क जमा कर प्रवेश आवेदन कर सकते है।

इन्होंने बताया कि जो विद्यार्थी पाठ्यक्रम सामग्री नहीं लेना चाहते है उन्हें जमा शुल्क राशि में 15 प्रतिशत रियायत मिलेगी। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर ऐडमिशन लिंक पर क्लिक कर नये ऐडमिशन के तौर पर एवं पूर्व पंजिकृत छात्र प्रमोटी लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन अथवा ई मित्र एवं नेट बैंकिंग तथा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऑनलाइन शुल्क जमा कर प्रवेश आवेदन कर सकते है। इसके लिए आवश्यक प्रवेश योग्यता सम्बन्धित दस्तावेज अपलोड करने होंगे ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात् प्रिन्ट कापी जमा करने की आवश्यकता नहीं है।